LIBERO ASSURANCE
ISO 9001:2015

प्राप्ति सं०............ मु०प०प्र०/वाराणसी
दिनांक....17/01/2023

(राज्य सरकार का उपक्रम)

उ.प्र.राज्य सेतु निगम लिमिटेड
U.P. STATE BRIDGE CORPORATION LIMITED
(ISO – 9001-2015 CERTIFIED COMPANY)

Letter No. 896 / सामान्य / बी.डी.प्र.-1/23 Date 16/01/2023

कार्यालय–ज्ञाप

ई०पी०सी० मोड की प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्य के सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1193/सीबीसी /ई–टेन्डर/2021–22, दिनांक 08.11.2021 द्वारा निम्नानुसार व्यवस्था दी गई थी:–

"कार्यों को ससमय शीघ्रता एवं गुणवत्तापूर्वक सम्पादन के लिये प्रदेश एवं देश स्तर पर E.P.C. (Engineering, Procurement & Construction) प्रकिया के माध्यम से कार्य नियोजित एवं सम्पादित कराये जा रहे देश के प्रतिष्ठित विभाग यथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORTH), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (N.H.A.I.), केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (C.P.W.D.) तथा इसी प्रकार लगभग समस्त प्रदेशों में ई०पी०सी० के आधार पर अनुबन्ध के माध्यम से कार्य सम्पादित कराने की प्रकिया अंगीकार की गयी है।
निगम में वर्तमान में ई०पी०सी० आधारित निविदाओं में निविदा आमंत्रण से पूर्व तकनीकी स्वीकृति की बाध्यता के सन्दर्भ में परियोजना से सम्बन्धित Conceptual आधारित ड्राइंग आवश्यक तकनीकी मापदण्डों, संरचना की कार्यात्मक आवश्यकता एवं मूलभूत विशिष्टियों पर आधारित तकनीकी स्वीकृति निर्गत की जायेगी।
ई०पी०सी० की उक्त प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्य के सम्बन्ध में अन्वेषण, परिकल्पना, नियोजन, निर्माण गुणवत्ता व सुरक्षा, सम्पादन का दायित्व सम्बन्धित ठेकेदार का है। ई०पी०सी० डाक्यूमेन्ट के अनुरूप अनुबन्ध गठन के पश्चात ठेकेदार उपलब्ध विकल्प के अनुसार वृहद अन्वेषण, समुचित परीक्षण एवं तकनीकी रूप से पुष्टि उपरान्त प्रूफ कन्सलटेन्ट के माध्यम से परिकल्पित कराने के उपरान्त निर्माण कार्य हेतु जी०ए०डी० अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जायेगी।"

उपरोक्त आदेश को अतिक्रमित करते हुए कार्य को सुगमतापूर्वक पूर्ण कराने हेतु ई०पी०सी० मोड के अन्तर्गत सम्पादित कराये जाने वाले कार्यों हेतु निम्न व्यवस्था अपनाई जाये:–

ई०पी०सी० की उक्त प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्य के सम्बन्ध में अन्वेषण, परिकल्पना, नियोजन, निर्माण गुणवत्ता, सुरक्षा एवं सम्पादन का समस्त दायित्व सम्बन्धित ठेकेदार का है। ई०पी०सी० डाक्यूमेन्ट के अनुरूप अनुबन्ध गठन के पश्चात् ठेकेदार उपलब्ध विकल्प के अनुसार वृहद् अन्वेषण, समुचित परीक्षण एवं तकनीकी रूप से पुष्टि उपरान्त प्रूफ कन्सलटेन्ट के माध्यम से परिकल्पित कराने के उपरान्त निर्माण कार्य हेतु जी०ए०डी० के अनुमोदन के सम्बन्ध में मुख्यालय में दिनांक 24 एवं 25 नवम्बर 2022 को ई०पी०सी० सम्बंधित Training/Seminar एवं "Standard EPC Agreement and request for proposal for National highway and centrally sponsored Roadworks, Government of india, Ministry of Road Transport and Highways, March 2019" की booklet के Article 10.2 एवं 18.1 के अनुसार Authority Engineer/सम्बन्धित अंचल के मुख्य परियोजना प्रबन्धक/महा प्रबन्धक होंगे तथा उनके द्वारा ही डिजाइन से सम्बन्धित समस्त कार्यों को Tender Documents के अनुसार अनुमोदित करते हुए सम्पादित कराया जायेगा जिससे कि ई०पी०सी० डाक्यूमेन्ट्स में उल्लिखित प्रक्रिया का उल्लंघन न हो एवं अनुमोदित डिजाइन/ड्राइंग को मुख्यालय में रिकार्ड हेतु प्रेषित किया जायेगा। कार्य के दौरान साइट की स्थिति के अनुरूप स्कोप में परिवर्तन की स्थिति में उक्त से सम्बन्धित सूचना अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

पत्रांक - 4028/सरकुलर/ई०पी०सी०टेण्डर/22-23
DT-17/01/2023

समस्त इकाई प्रभारी (वारा० क्षेत्र)
वाराणसी/जौनपुर/मीरजापुर/चन्दौली

EPC Mode के Tenders में अपेक्षानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें
17.1.2023

(राकेश सिंह)
प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (निविदा/निक्षेप/यांत्रिक), उ०प्र० राज्य सेतु निगम लि०, लखनऊ।
2. वित्त नियंत्रक, उ०प्र० राज्य सेतु निगम लि०, लखनऊ।
3. महाप्रबन्धक/मुख्य परियोजना प्रबन्धक, उ०प्र० राज्य सेतु निगम लि०, नियोजन/आंकलन/परिकल्पना/ बरेली/कानपुर/आजमगढ़/ गाजियाबाद/प्रयागराज/गोरखपुर /आगरा/अयोध्या/ लखनऊ/वाराणसी।
4. मुख्य परियोजना प्रबन्धक(वाणिज्य), उ०प्र० राज्य सेतु निगम लि०, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर प्र०नि०, उ०प्र० राज्य सेतु निगम लि०, लखनऊ।

(दीपक गोविल)
मुख्य परियोजना प्रबन्धक
उ०प्र० राज्य सेतु निगम लि०
वाराणसी

16/1/23
प्रबन्ध निदेशक

Regd. Office : Setu Bhawan, 16-Madan Mohan Malviya Marg, LUCKNOW-226 001, Phone : 2205815, 2205807, 2209792, Fax: 0522-2205793
E-mail: ... Web Site : ...

Scanned with CamScanner